>

Title: Need to reserve seats in Aligarh Muslim University for SC, ST and OBC students.

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़): अध्यक्ष जी, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र अलीगढ़ की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा, जहां केंद्र शासित अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी है । जिस तरह से बीएचयू में एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण मिलता है, कांग्रेस की गलतियों के कारण मेरी यूनीवर्सिटी में न एससी को आरक्षण मिलता है, न ओबीसी को आरक्षण मिलता है, न एसटी को आरक्षण मिलता है । कांग्रेस के रहते हुए यह आरक्षण खत्म किया गया ।…(व्यवधान) ,पूर्व के एचआरडी मिनिस्टर ने यूनीवर्सिटी को पत्र जारी किया था । आज मेरे क्षेत्र के एससी, एसटी और ओबीसी के बच्चे तड़प रहे हैं, क्योंकि वे उस यूनीवर्सिटी में पढ़ नहीं सकते हैं । यह कांग्रेस की देन थी कि आज उस यूनीवर्सिटी में आरक्षण नहीं है ।…(व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, he cannot make wild allegations against the Congress party…*(Interruptions)*

श्री सतीश कुमार गौतम : केंद्र की सरकार के पैसे से वह यूनीवर्सिटी संचालित होती है, लेकिन आज कांग्रेस की बदौलत वहां एससी, एसटी और ओबीसी के बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं । मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि चूंकि केंद्र सरकार के पैसे से यह यूनीवर्सिटी चलती है, इसलिए उसमें एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों को आरक्षण मिलना चाहिए ।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सतीश कुमार गौतम द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।